**भारत सरकार**

**श्रम और रोजगार मंत्रालय**

**लोक सभा**

**अतारांकित प्रश्न संख्या- 3674**

**सोमवार, 10 अगस्त, 2026/19 श्रावण, 1948 (शक)**

**एनसीएस पोर्टल का उन्नयन और प्रभाव**

**3674. श्री दिलेश्वर कामैत:**

क्या **श्रम और रोजगार** मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि:

(क) क्या सरकार ने राष्ट्रीय कैरियर सेवा (एनसीएस) पोर्टल को रोजगार की तलाश करने वालों के लिए अधिक उपयोग-अनुकूल और सुलभ बनाने हेतु इसमें कोई उन्नयन किया है और यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है;

(ख) देश में परिचालित मॉडल कैरियर केंद्रों (एमसीसी) की संख्या कितनी है तथा एनसीएस पोर्टल के उपयोग को बढ़ावा देने में उनकी क्या भूमिका है;

(ग) क्या रिज्यूम के विश्लेषण के आधार पर यह प्रणाली युवाओं के लिए वर्तमान और भविष्य की कौशल संबंधी आवश्यकताओं का पूर्वानुमान लगा सकती है और यदि हां, तो रोजगार की तलाश करने वालों के लिए एकल खिड़की पोर्टल कब तक शुरू किया जाएगा; और

(घ) क्या राष्ट्रीय कैरियर सेवा (एनसीएस) पोर्टल रोजगार की मांग और आपूर्ति का प्रभावी ढंग से मिलान करने के लिए आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस (एआई) और मेटा डेटा जैसी उन्नत प्रौद्योगिकियों का उपयोग करता है और यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है?

**उत्तर**

**श्रम और रोजगार राज्य मंत्री**

**(सुश्री शोभा कारान्दलाजे)**

(क) से (घ): राष्ट्रीय करियर सेवा (एनसीएस) पोर्टल देश भर के सभी हितधारकों को निजी और सरकारी क्षेत्रों की नौकरियों, ऑनलाइन और ऑफलाइन रोजगार मेलों की जानकारी, नौकरी खोज और मिलान, करियर परामर्श, व्यावसायिक मार्गदर्शन, कौशल विकास पाठ्यक्रमों की जानकारी, कौशल/प्रशिक्षण कार्यक्रम आदि करियर से संबंधित सेवाएं डिजिटल प्लेटफॉर्म [www.ncs.gov.in] के माध्यम से प्रदान करने के लिए एक वन-स्टॉप समाधान है।

राष्ट्रीय करियर सेवा (एनसीएस) पोर्टल को क्लाउड-आधारित, ओपन-आर्किटेक्चर प्लेटफ़ॉर्म के रूप में उन्नत किया गया है, और इसका संवर्द्धन एक सतत एवं गतिशील प्रक्रिया है। नवीनतम उपलब्ध प्रौद्योगिकियों का उपयोग करते हुए, बदलती आवश्यकताओं के अनुरूप इसमें निरंतर सुधार और अपडेट किए जाते हैं। इन सुधारों में विभिन्न सार्वजनिक एवं निजी रोजगार और कौशल पोर्टलों के साथ एकीकरण, उन्नत एआई-संचालित सुविधाएँ, रोजगार चाहने वालों और नियोक्ताओं के लिए क्लाउड-आधारित अनुप्रयोग, मजबूत सत्यापन तंत्र तथा पहुंच और उपयोगकर्ता अनुभव को बेहतर बनाने के लिए मोबाइल एप्लिकेशन का शुभारंभ शामिल है।

एनसीएस परियोजना में अन्य बातों के साथ-साथ राज्यों/संस्थाओं के सहयोग से करियर संबंधी सेवाएं प्रदान करने के लिए आदर्श करियर केन्द्र (एमसीसी) स्थापित करने की भी परिकल्पना की गई है। अब तक सरकार ने पूरे देश में 407 आदर्श करियर केंद्रों को स्वीकृति प्रदान की है।

****